TEACHERS OF BIHAR

# दैनिक ज्ञानकोश

सीखें-सिखाएं, बिहार को आगे बढ़ायें





teachersofbihar@gmail.com

https://twitter.com/teachersofbihar

https://www.youtube.com/c/teachersofbihar

**01 दिसम्बर 2025**


# Teachers of Bihar

The Change Makers

## आज का सुविचार

अवसर, प्रकृति, मजबूरी, आदत, कारण, जुनून और इच्छा इन सात वजहों से ही हम सभी काम करते हैं।

अरस्तू




राकेश कुमार

www.teachersofbihar.org

मधु प्रिया


# विश्व एड्स दिवस 1 दिसंबर




विश्व एड्स दिवस, **1988** के बाद से **1** दिसंबर को हर साल मनाया जाता है, जिसका उद्देश्य एचआईवी संक्रमण के प्रसार की वजह से एड्स महामारी के प्रति जागरूकता बढाना, और इस बीमारी से जिसकी मौत हो गई है उनका शोक मनाना है। एड्स एक खतरनाक बीमारी है, मूलतः असुरक्षित यौन संबंध बनाने से एड्स के जीवाणु शरीर में प्रवेश कर जाते हैं। इस बीमारी का काफी देर बाद पता चलता है और मरीज भी एचआईवी टेस्ट के प्रति सजग नहीं रहते, इसलिए अन्य बीमारी का भ्रम बना रहता है। एड्स का पूरा नाम है 'एक्वायर्ड इम्यूनो डिफिशिएंसी सिंड्रोम।' न्यूयॉर्क में **1981** में इसके बारे में पहली बार पता चला, जब कुछ 'समलिंगी यौन क्रिया' के शौकीन अपना इलाज कराने डॉक्टर के पास गए। असुरक्षित यौन संबंधों से होने वाली खतरनाक बीमारी एचवाईवी और एड्स को जड़ से खत्म करने के लिए अभी भी वैज्ञानिक शोध कर रहे हैं। हर साल, **18** मई को पूरी दुनिया में विश्व एड्स टीकाकरण दिवस के तौर पर मनाया जाता है। विश्व एड्स दिवस हर साल राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मनाया जाता है। इस दिवस पर यूनाइटेड नेशंस, कई सारी अन्य देश की सरकार और अंतर्राष्ट्रीय एजेंसियां मिलकर एचआईवी से संबंधित एक खास थीम पर अभियान चलाने के लिए एक साथ जुड़ते हैं। इस साल एक्युलाइज **'Equalize'** थीम रखी गई है। इसका अर्थ 'समानता' होता है। इस साल की थीम से हमारे समाज में फैली हुई असमानताओं को दूर करके एड्स को पूरी तरह से खत्म करने पर कदम बढ़ाने पर जोर दिया जाएगा।

# जन्मदिन विशेष 01 दिसम्बर



# मेधा पाटकर

**मेधा पाटकर** *Medha Patkar*, जन्म: 1 दिसम्बर, 1954, मुंबई) भारत की प्रसिद्ध समाज सेविका के रूप में जानी जाती हैं। उन्हें 'नर्मदा घाटी की आवाज़' के रूप में पूरी दुनिया में जाना जाता है। गांधीवादी विचारधारा से प्रभावित मेधा पाटकर ने 'सरदार सरोवर परियोजना' से प्रभावित होने वाले लगभग 37 हज़ार गाँवों के लोगों को अधिकार दिलाने की लड़ाई लड़ी है। उन्होंने महेश्वर बांध के विस्थापितों के आंदोलन का भी नेतृत्व किया। अरूंधती रॉय जैसी लेखिका उनकी निकट सहयोगी रही हैं।



# TOB खेल कॉर्नर



## अंडर-19 एशिया कप के चैंपियन

| साल | विनर | रनर-अप | रिजल्ट |
|---|---|---|---|
| साल | विनर | रनर-अप | रिजल्ट |
| 1989 | भारत | श्रीलंका | भारत 79 रन से जीता |
| 2003 | भारत | श्रीलंका | भारत 8 विकेट से जीता |
| 2012 | भारत पाकिस्तान | ट्रॉफी साझा | मैच टाई |
| 2013–14 | भारत | पाकिस्तान | भारत 40 रन से जीता |
| 2016 | भारत | श्रीलंका | भारत 34 रन से जीता |
| 2017 | अफगानिस्तान | पाकिस्तान | अफगानिस्तान 185 रन से जीता |
| 2018 | भारत | श्रीलंका | भारत 144 रन से जीता |
| 2019 | भारत | बांग्लादेश | भारत 5 रन से जीता |
| 2021 | भारत | श्रीलंका | भारत 9 विकेट से जीता (D/L) |
| 2023 | बांग्लादेश | यूएई | बांग्लादेश 195 रन से जीता |
| 2024 | बांग्लादेश | भारत | बांग्लादेश 59 रन से जीता |

# Teachers of Bihar
The Change Makers

# शिक्षा शब्दकोश

आज का शब्द **01.12.2025**


## सीखने के परिणाम

सीखने के परिणाम **(learning outcomes)** वे विशिष्ट और मापनीय कथन हैं जो बताते हैं कि एक छात्र किसी पाठ्यक्रम, कार्यक्रम या पाठ जैसी सीखने की गतिविधि को पूरा करने के बाद क्या जान पाएगा, क्या कर पाएगा, या क्या मूल्य समझ पाएगा। ये छात्र-केंद्रित होते हैं और ज्ञान, कौशल, दृष्टिकोण और व्यवहारों पर ध्यान केंद्रित करते हैं जिन्हें मापा और देखा जा सकता है। सीखने के परिणाम छात्रों को यह समझने में मदद करते हैं कि वे क्या सीख रहे हैं और यह उनके लिए क्यों महत्वपूर्ण है।

# रोचक तथ्य/सामान्य ज्ञान



देश की **राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू** ने भारतीय महिला ब्लाइंड क्रिकेट टीम से **मुलाकात** की है। भारतीय महिला ब्लाइंड क्रिकेट टीम ने **नेपाल** को हराकर पहला महिला ब्लाइंड **विश्व कप** का खिताब जीता है।


पद्य पंकज
"
हृदय छोटा हो,
तो शोक वहां नहीं समायेगा
और दर्द दस्तक दिये बिना
दरवाजे से लौट जाएगा।
रामधारी सिंह दिनकर
www.padyapankaj.teachersofbihar.org
Madhu priya


Teachers of Bihar
Tha Change Makers
1 दिसंबर
नागालैंड
स्थापना दिवस
के इस अवसर पर सभी नागालैंड वासियों को
बधाई एवं शुभकामनाएं
www.teachersofbihar.org
Punita kumari

HAPPY BIRTHDAY

नर्मदा बचाओ आंदोलन
की प्रणेता

# मेधा पाटकर



को जन्मदिवस पर हार्दिक
शुभकामनाएं।

1 दिसंबर 1954

www.teachersofbihar.org

Madhu priya



TEACHERS OF BIHAR
THE CHANGE MAKERS
1 दिसंबर
सीमा सुरक्षा बल
स्थापना दिवस
पर माँ भारती के वीर जवानों को
बधाई और शुभकामनाएं।
BSF
www.teachersofbihar.org
Madhu priya


हैप्पी वर्ल्ड एड्स डे
TEACHERS OF BIHAR
THE CHANGE MAKERS
1 दिसंबर
www.teachersofbihar.org
Madhu priya